संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार
MINISTRY OF CULTURE, GOVERNMENT OF INDIA

दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, नागपुर
SOUTH CENTRAL ZONE CULTURAL CENTRE, NAGPUR
MINISTRY OF CULTURE, GOVT. OF INDIA

मध्य-दक्षिणी वार्तापत्र

{ नवंबर 2018 }



निदेशक का मनोगत

दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र में संचालक के तौर पर दिनांक 18 अप्रैल 2018 को मैंने कार्यभार संभाला। इसलिए मैं सर्वप्रथम महाराष्ट्र के महामहिम राज्यपाल महोदय, केंद्रीय सांस्कृतिक मंत्री - नई दिल्ली, तथा केंद्र के कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मंत्री इनका मैं ह्रदय से आभारी हूँ। मुझे अत्यंत हर्ष है की, महानिर्मिति इस संस्था में तकनीकी काम संभालने के पश्चात अब कला क्षेत्र में कार्य करने का मौका मुझे मिला है। इस मौके को भुनाने का मैं पूरा प्रयास करूँगा।इस केंद्र के अधीन इस समय महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, आँध्रप्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना ये ६ राज्य आते हैं, इस कारण काम और आशाएं भी अधिक हैं।

फिलहाल द. म. क्षे. सांस्कृतिक केंद्र में अनुभव सिद्ध कर्मचारी कार्यरत हैं। विगत कई वर्षों से यहाँ सेवारत होने से सबको कामकाज की सम्पूर्ण जानकारी है। मैंने सभी को आवाहन किया है कि, हम सब मिलजुलकर कार्य करेंगे एवं नागपुर के सांस्कृतिक वैभव में विशेष योगदान देंगे।सभी कर्मियों से मिलने वाला प्रतिसाद भी उत्साहवर्धक है।

सभी पारंपारिक एवं अप्रचलित कलाओं का पुनरुत्थान, आदिवासी नृत्य प्रकारों को प्रोत्साहन, महाराष्ट्र के पोवाड़ा - लावणी - भारुड़ - जोगवा - वाघ्या मुरळी - दंढार - झाड़ीपट्टी ऐसे सांस्कृतिक वैभव का दर्शन अन्य राज्यों को करवाना, तथा अन्य राज्यों के लुप्तप्राय हो रहे कलागुणों को महाराष्ट्र में बढ़ावा देने की मेरी मंशा हैं।

इसी प्रकार अभिजात भारतीय संगीत, नाट्यसंगीत, लोककला, चित्रकला, मूर्तिकला - पेंटिंग, छायाचित्रकला, उपशास्त्रीय गीतप्रकार इनका भी जतन होना चाहिए तथा स्थानीय कलाकारों को मंच उपलब्ध किया जाना चाहिए। गडचिरोली, बस्तर जैसे दुर्गम प्रदेश के कलाकारों को न्याय मिलना आवश्यक है। इस उद्देश्य से सबको कार्यवाही करनी चाहिए, ऐसा मेरा कार्यक्रम अधिकारियों को आवाहन है।

कलाक्षेत्र में काम करते हुए केंद्र के प्रत्येक कार्यक्रम में वृद्ध एवं वरिष्ठ कलाकारों का सम्मान, केंद्र की उत्तम वेबसाइट तैयार करना, केंद्र की जानकारी देनेवाली डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाना, केंद्र की पुरानी ईमारत का पुनर्निर्माण करना, फिलहाल केंद्र द्वारा आयोजित सभी लोकप्रिय कार्यक्रमों के स्तर में बेहतरी एवं संख्या में बढ़ोतरी करना तथा अनजान, उपेक्षित कलाकारों को प्रोत्साहन देना ऐसी विविधरूपी कार्यशैली विकसित करने का हमारा प्रयास रहेगा।

उच्च स्तर प्राप्त इस सांस्कृतिक केंद्र को राष्ट्रीय - अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलें इसे उद्देश्य से हम सभी हमेशा प्रयासरत रहेंगे। राष्ट्रनिर्माण में सांस्कृतिक क्षेत्र का महत्व अनन्यसाधारण है। इसीलिए हम सबको इस सांस्कृतिक केंद्र का अभिन्न अंग होकर राष्ट्रनिर्माण के पवित्र कार्य में अपना योगदान देना हैं।इस हेतु सभी को मेरी ह्रदय से शुभकामनायें।

डॉ. दीपक खिरवड़कर
निदेशक,
दमक्षेसां. केंद्र, नागपुर

द.म.क्षे.सां. केंद्र द्वारा किये गए एवं संयुक्त सहभागिता के आयोजन तथा उनकी झलकियाँ

नवम्बर – २०१८

1. 'आनंदम' - मासिक योग शिविर का आयोजन नवम्बर माह के दौरान प्रतिदिन प्रातः ६:३० से ७:३० के बींच दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र मुख्यालय परिसर में किया गया। इस शिविर को नागरिकों द्वारा उत्तम प्रतिसाद मिल रहा है तथा योगकला का जतन भी हो रहा है।

❖ अग्नि – फायर डांस फेस्टिवल ❖

2. दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर तथा भाषा एवं संस्कृति विभाग, आंध्रप्रदेश शासन (विजयवाडा) द्वारा ५ से ७ नवम्बर २०१८ के दौरान "अग्नि – फायर डांस फेस्टिवल" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चरकुला नृत्य, बधाई नृत्य एवं चरी नृत्य की प्रस्तुति हुयी। कार्यक्रम का उद्घाटन भाषा एवं संस्कृति विभाग, आंध्रप्रदेश के निदेशक विजय भास्कर के करकमलों से हुआ। द. म. क्षे. सां. केंद्र के वरिष्ठ सहायक श्री. दीपक पाटिल इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम को रसिक प्रेक्षकों ने खूब सराहा।









❖ ब्रह्मनाद – द्वितीय पुष्प ❖

3. दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर द्वारा ब्रह्मनाद कार्यक्रम के अंतर्गत दि. ११ नवम्बर, २०१८ को मुंबई के ख्यातिप्राप्त युवा कलाकार गंधार देशपांडे का शास्त्रीय गायन तथा नागपुर के सुरमणि शंकर भट्टाचार्य इनका सरोद वादन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्र के उपनिदेशक मोहन पारखी इनके शुभहस्ते दीप प्रज्वलन कर सम्पन्न हुआ। साथ में कार्यक्रम आधिकारी दीपक कुलकर्णी एवं शशांक दंडे उपस्थित थे। गंधार देशपांडे ने राग नटभैरव में भोर भई, विलंबित तिलवाडा, प्रितमघर आए, द्रुत तीन ताल एवं निर्गुणी भजन प्रस्तुत किया। उन्हें तबलेपर नागपुर के तरुण लाला एवं संवादिनीपर श्याम ओझा, नागपुर इन्होने साथसंगत की।

उसके पश्चात सुरमणि शंकर भट्टाचार्य ने अपने सरोद वादन प्रस्तुति में आकर्षक अंदाज में राग चारुकेशी एवं राग भैरवी में प्रस्तुति दी। उन्हें नागपुर के आकाशवाणी कलाकार संदेश पोपटकर इन्होने तबलेपर साथसंगत की। कार्यक्रम में केंद्र के अधिकारी एवं कर्मचारीयों के साथ साथ शहर के प्रतिष्ठित महानुभाव, कलाकार तथा कलारसिक भारी संख्या में उपस्थित थे।















South Central Zone Cultural Centre
ब्रह्मनाद



❖ देशभक्तिपर गीत स्पर्धा एवं रेड फ्लावर शो ❖

4. 'दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर, 'नागपुर गार्डन क्लब', 'पीस फॉउंडेशन' तथा अंग्रेजी समाचारपत्र संस्था 'द हितवाद' इनके संयुक्त तत्वावधान में बालक दिवस के उपलक्ष्य में १४ नवम्बर २०१८ को केंद्र परिसर में सुबह ८ बजे से 'देशभक्तिपर गीत स्पर्धा एवं रेड फ्लावर शो' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि द.म.क्षे.सां. केंद्र के निदेशक डॉ. दीपक खिरवडकर, पिस फ़ौंडेशन संस्था के निदेशक डॉ. वरुण भार्गव, नागपुर गार्डन क्लब के अध्यक्ष एवं पिस फ़ौंडेशन के संयुक्त सचिव शरद पालीवाल, नागपुर गार्डन क्लब की सचिव लता अंधारे, हितवाद ट्रिंकल क्लब की संचालक आसावरी शेनोलीकर, नागपुर गार्डन क्लब की कोषाध्यक्ष एवं पिस फ़ौंडेशन की संयुक्त सचिव मनीषा ठाकर इन्होने दीपप्रज्वलन के साथ इन्होने किया।

देशभक्तिपर गीत स्पर्धा में नागपुर शहर के ९ स्कूलों के छात्रों ने हिस्सा लिया।रेड फ्लावर स्पर्धा में ७ स्कूलों के छात्र शामिल हुए। देशभक्तिपर गीत स्पर्धा के परीक्षकों की भूमिका डॉ. शीला कुलकर्णी (पूर्व प्राध्यापिका एलएडी कॉलेज), डॉ. रवि वानखेड़े (निदेशक –जीवन ज्योति ब्लड बैंक) इन्होने निभाई।रेड फ्लावर शो स्पर्धा के परीक्षक गणों में डॉ. अनुपमा गिरे, (पूर्व अध्यक्षा नागपुर गार्डन क्लब), आरती राईकोंडावार (उपाध्यक्ष – नागपुर गार्डन क्लब) इनका समावेश था। विजेता छात्रों को मान्यवर डॉ. दीपक खिरवडकर एवं मान्यवर अतिथियों के करकमलों से प्रमाणपत्र तथा सम्मानचिन्ह प्रदान किये गए। कार्यक्रम का मंच संचालन वंदना गोलछा किया एवं समन्वयक के रूप में वैशाली मगर सक्रिय रहीं।































❖ विद्यालयीन छात्रों के लिए राज्यस्तरीय नाट्य प्रतियोगिता ❖

5. दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर द्वारा महात्मा गांधी के 150 वें जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर राज्यस्तरीय नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 19 नंवबर 2018 को द.म.क्षे.सां. केंद्र परिसर में किया गया। इस प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, तेलंगाना के विभिन्न विद्यालयीन छात्र सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एवं परीक्षकगण डॉ. विनोद इंदूरकर, डॉ. नंदिनी साहू, श्री. संजय भाकरे, द.म.क्षे.सां. केंद्र के निदेशक डॉ. दीपक खिरवडकर, उपनिदेशक मोहन पारखी इनके द्वारा दीपप्रज्वलन से हुआ।

भरतनाट्यम शैली में गणेशवंदना प्रस्तुत कर कर्नाटक के भरत ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में प्रथम नाट्य प्रस्तुति आंध्रप्रदेश के मोगलराजपुराम स्थित श्री चैतन्य स्कुल द्वारा 'follower of Gandhi' पेश की गयी। इसके उपरांत छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के आडवाणी ओएरलीकोण शासकीय हायर सेकंडरी स्कुल के छात्रों द्वारा "गांधी चौक" नामक नाट्य-प्रस्तुति दी गयी।

तत्पश्चात बेंगलुरु (कर्नाटक) के जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों द्वारा "Story of Mahatma Gandhi" नामक प्रस्तुति दी। इसके बाद भोपाल (म. प्र.) गुरुदेव शिक्षा केंद्र नीलबाद के छात्रों ने "मोहन से महात्मा" इस विषयपर नाट्य प्रस्तुति दी।

इसके उपरांत महाराष्ट्र के सायन (मुंबई) स्थित डी. एस. हाईस्कूल के छात्रा ने "मी अहिंसा बोलतेय" नामक नाट्य प्रस्तुति दी। अंतिम प्रस्तुति के रूप में रंगारेड्डी (तेलंगाना) के ज़ेडपीएचएस हयाथ नगर के स्कूली छात्रों ने ग्रामस्वराज के विषय पर नाट्य प्रस्तुति दी।

परीक्षक गणों ने गुरुदेव शिक्षा केंद्र, नीलबाद (भोपाल) के छात्रों द्वारा प्रस्तुत "मोहन से महात्मा" इस नाटिका को विजेता घोषित किया गया एवं पुरस्कृत स्कुल के छात्र-छात्राएँ उनके शिक्षक एवं मार्गदर्शकों को द.म.क्षे.सां. केंद्र निदेशक डॉ. दीपक खिरवडकर इन्होने पुष्पगुच्छ एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन वेदिका पिंपळापुरे ने किया।






Gandhi




November 2018


South Central Zone Cultural Centre
150th Anniversary of Mahatma Gandhi
ONE ACT PLAY
State Level Competition






South Central Zone Cultural Centre
150th Anniversary of Mahatma Gandhi


South Central Zone Cultural Centre
150th Anniversary of Mahatma Gandhi
ONE ACT PLAY
State Level Competition


स्वच्छ
भारत


ONE ACT PLAY






ONE ACT PLAY


150th Anniversary of Mahatma Gand
ONE ACT PLAY
State Level Competition




ONE ACT PLAY
State Level Competition


ONE ACT PLAY


150th Anniversary of Mahatma Gandhi
ONE ACT PLAY



South Central Zone Cultural Centre
150th Anniversary of Mahatma Gandhi
ONE ACT PLAY
State Level Competition


South Central Zone Cultural Centre
150th Anniversary of Mahatma Gandhi
ONE ACT PLAY



❖ लोक कला दर्शन (आंध्र प्रदेश) ❖

6. दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर तथा भाषा एवं संस्कृति विभाग, आन्ध्र प्रदेश शासन द्वारा दिनांक १९ से २१ नवंबर २०१८ के दौरान “लोक कला दर्शन – लोकनृत्यों की रंगारंग एवं मोहक प्रस्तुतियाँ” का आयोजन आंध्रप्रदेश के गुंटकल, चेरुवेरू एवं माधिकेरा में किया गया। इसमें महाराष्ट्र का सोंगी मुखौटे नृत्य, आंध्र प्रदेश का थापेटागुल्लू नृत्य, तेलंगाना का डप्पु नृत्य, मध्य प्रदेश का मालवी नृत्य, छत्तीसगढ़ का गेडी नृत्य आदि की मनोरम प्रस्तुतियाँ हुयीं। कार्यक्रम का उद्घाटन जितेंद्र गौड़ (मा. विधायक – गुंटकल), जी. रामा रेड्डी (कमिशनर –जीएमसी), के. अपर्णा, अध्यक्ष – जीएमसी) इन मान्यवरों के हस्ते हुआ। इस अवसर पर द.म.क्षे.सां. केंद्र, नागपुर के वरिष्ठ सहायक दीपक पाटील उपस्थित थे।














SOUTH CENTRAL ZONE CULTURAL CENTRE,
Department Of Language & Culture
Govt. Of Andhra-Pradesh




Govt. Of Andhra-Pradesh
Darshan"




జిల్లా పరిషత్ ఉన్నత పాఠశాల
SOUTH CENTRAL ZONE CULTURAL CENTRE,
Department Of Language & Culture,
NAGPUR
Ministry of Culture, Government of India
Govt. Of Andhra-Pradesh
"Lok Kala Darshan"







❖ होरानाडू उत्सव ❖

7. कन्नड़ एवं संस्कृति विभाग, बेंगलुरु, द.म.क्षे.सां. केंद्र, नागपुर तथा नवी मुंबई कन्नड़ संघ वाशी (मुंबई) द्वारा दिनांक २४ एवं २५ नवंबर २०१८ को नवी मुंबई कन्नड़ संघ हॉल, वाशी तथा नॅशनल कन्नड़ एजुकेशन सोसायटी हॉल, वडाला (मुंबई) यहाँ "होरानाडू उत्सव" का आयोजन किया गया। उत्सव का उद्घाटन दि. २४ दिसंबर २०१८ को शाम 4 : 30 बजे श्री. सदाशिव शेट्टी (सीएमडी - भारत कोच बिल्डर्स, मुंबई), श्री. बी. एच. कट्टी (अध्यक्ष, नवी मुंबई कन्नडा, वाशी), श्री. बी. टकाप्पा (प्रमुख - कर्नाटक जनपद अकादेमी, बेंगलुरु), कुमारी कमला कांतराज (अध्यक्ष, मैसूर असोसिएशन, मुंबई) तथा श्री. बलवंत राव पाटील इन मान्यवरों के शुभहस्ते हुआ। इस अवसर पर द.म.क्षे.सां. केंद्र, नागपुर के कार्यक्रम अधिकारी प्रेमस्वरूप तिवारी भी उपस्थित थे।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में श्री. शम्भूलिंगा वलदोड्डी एवं साथी (बिदर) 'लोकगीत', श्री. सारनप्पा तुरनकर एवं साथी, (कलबुर्गी) 'ठाटवापाड़ा', श्री. के. एन. नागेश एवं साथी, (बेंगलुरु) 'उपशास्त्रीय संगीत', श्री. जयसिंह एवं साथी (चेन्नपट्टणा) 'लोकगीत', कु. पूजा प्रेमनाथ एवं साथी (विजयपुरा) समूह नृत्य, कुम. सुषमा एवं साथी (होसकोटे) 'लोकनृत्य', श्री. परशुराम वाजंत्री एवं साथी (बेलगावी) 'ट्रम्पेट', श्री. केशप्पा शिल्लेकयतारा एवं साथी (कोप्पाला) 'तोगलू गोम्बे', श्री. कार्तिक कुमार एवं साथी (उडुपी) 'हुलिवेशा', श्री. अरुण कुमार एवं साथी (मंड्या) 'पूजा कुनीथा', श्री. टिप्पेस्वामी एवं साथी (चित्रदुर्ग) 'गारुड़ी गोम्बे', श्री. मनोज कुमार एवं साथी (तुमकुर) 'कीलु कुडुरे', श्री. चेतन एवं साथी (शिमोगा) 'ढोल्लू कुनीथा', श्री. शंकर एल. एवं साथी (दावांगेरे) 'गोरवारा कुनीथा', श्री. नागराज एवं साथी (मैसूर) इनके द्वारा 'नगरी वडना' यह मनोरम प्रस्तुतियाँ दी गयी। कार्यक्रम का मंच संचालन श्री. मंजुनाथ व्ही. एम. (बेंगलुरु) इन्होने किया।











24.11.2018


“ಹೊರನಾಡು ಜಾನಪದ ಉತ್ಸವ”

◈ संकल्पना एवं मार्गदर्शन ◈

डॉ. दीपक खिरवडकर

(निदेशक, दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपूर)

◈ लेखन एवं संरचना ◈

श्री. स्वप्नील बाळकृष्ण भोगेकर

(माध्यम एवं प्रसारण विभाग, द.म.क्षे.सां. केंद्र, नागपूर)

◈ फोटोग्राफी ◈

श्री. गजानन शेळके

(माध्यम व प्रसारण विभाग, द.म.क्षे.सां. केंद्र, नागपूर)

◈ मुखपृष्ठ एवं ग्राफ़िक्स डिजाईन ◈

श्री. मुकेश गणोरकर

(शारदा कंसल्टंसी सर्विसेस प्रा. लिमिटेड)



दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, नागपुर

SOUTH CENTRAL ZONE CULTURAL CENTRE, NAGPUR

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार | MINISTRY OF CULTURE, GOVT. OF INDIA

५६/१, सिविल लाईन्स, नागपूर – ४४०००१ (महाराष्ट्र)

56/1, Civil lines, Nagpur - 440001 (Maharashtra)

www.sczcc.gov.in